Roll No. …………………..

# A5(I)

## Pedagogy of Teaching (Hindi)

B. Ed. Special Education (BEDSEDE–15)

Second Semester, Examination, 2017

**Time : 3 Hours** **Max. Marks : 60**

नोट : यह प्रश्न पत्र साठ (60) अंकों का है जो तीन (03) खण्डों 'क', 'ख' तथा 'ग' में विभाजित है। शिक्षार्थियों को इन खण्डों में दिए गए विस्तृत निर्देशों के अनुसार ही प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

खण्ड–क

(दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)

नोट : खण्ड 'क' में चार (04) दीर्घ उत्तरीय प्रश्न दिये गये हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए पन्द्रह (15) अंक निर्धारित हैं। शिक्षार्थियों को इनमें से केवल दो (02) प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

1. शिक्षा, व्यापार, समाज, राजनीति, अनुसंधान एवं विकास में भाषा के योगदान की विवेचना कीजिए।
2. भाषा शिक्षण-अधिगम में प्रयुक्त होने वाले विभिन्न प्रकार के शिक्षण-अधिगम उपकरणों की व्याख्या कीजिए तथा उनका महत्व लिखिए।
3. संयुक्त विधि का उदाहरण देते हुए माध्यमिक स्तर के गद्य के किसी प्रकरण पर एक पाठ योजना का निर्माण कीजिए।

4. मूल्यांकन की विभिन्न विधियों एवं प्रविधियों की विस्तृत परिचर्चा कीजिए।

## खण्ड–ख

## (लघु उत्तरीय प्रश्न)

नोट : खण्ड 'ख' में आठ (08) लघु उत्तरीय प्रश्न दिये गये हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए पाँच (05) अंक निर्धारित हैं। शिक्षार्थियों को इनमें से केवल चार (04) प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

1. भाषा के प्रत्यय एवं इसकी उपयोगिता की व्याख्या कीजिए।
2. भाषा के चार प्रमुख कौशलों की व्याख्या कीजिए।
3. माध्यमिक स्तर पर भाषा शिक्षण के लक्ष्यों एवं उद्देश्यों का वर्णन कीजिए।
4. माध्यमिक स्तर के पाठ्यक्रम में पद्य के समावेश की उपयोगिता की समीक्षा कीजिए।
5. भाषा शिक्षण में भाषा प्रयोगशाला की उपयोगिता का वर्णन कीजिए।
6. सतत् एवं व्यापक मूल्यांकन को परिभाषित कीजिए तथा भाषा शिक्षण के मूल्यांकन में इसके महत्व की व्याख्या कीजिए।
7. अपने विद्यार्थियों के त्रुटिमुक्त लेखन के लिए आप क्या करेंगे ? वर्णन कीजिए।
8. चिन्तनशील अभ्यासकर्ता के रूप में शिक्षक के व्यक्तित्व की विवेचना कीजिए।

खण्ड–ग

(वस्तुनिष्ठ प्रश्न)

नोट : खण्ड 'ग' में दस (10) वस्तुनिष्ठ प्रश्न दिये गये हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए एक (01) अंक निर्धारित है। इस खण्ड के सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

1. 'बोध' उद्देश्य पक्ष के अन्तर्गत आता है :
   (अ) मात्रात्मक पक्ष
   (ब) ज्ञानात्मक पक्ष
   (स) मनो-पेशीय पक्ष
   (द) इनमें से कोई नहीं

2. वाचन क्रिया की अवस्थाएँ हैं :
   (अ) तीन
   (ब) पाँच
   (स) चार
   (द) शून्य

3. अनुकरण वाचन किया जाता है :
   (अ) अध्यापक द्वारा
   (ब) छात्राध्यापक द्वारा
   (स) छात्रों द्वारा
   (द) उपर्युक्त सभी

4. रसानुभूति का सम्बन्ध है :
   (अ) गद्य शिक्षण से

(ब) कविता शिक्षण से

(स) व्याकरण से

(द) निबन्ध से

5. व्याकरण शिक्षण विधि है :

(अ) एकमार्गी

(ब) दोमार्गी

(स) त्रिमार्गी

(द) इनमें से कोई नहीं

6. गद्य शिक्षण की मुख्य विधि है :

(अ) उदबोध विधि

(ब) प्रवचन

(स) स्पष्टीकरण

(द) उपर्युक्त सभी

7. वाक्य की आवश्यकता होती है :

(अ) सार्थकता

(ब) समीपता

(स) अन्विति

(द) उपर्युक्त सभी

8. आगमनात्मक तर्क विकसित किया :

(अ) फ्रांसिस बेकन ने

(ब) सुकरात ने

(स) प्लेटो ने

(द) अरस्तू ने

9. कौन सा समस्या के तुरन्त समाधान की ओर ले जाता है ?
   (अ) मौलिक अनुसंधान
   (ब) अनुप्रयुक्त अनुसंधान
   (स) क्रियात्मक अनुसंधान
   (द) इनमें से कोई नहीं

10. शिक्षा प्रदान करने का अच्छा साधन है :
   (अ) राष्ट्रीय भाषा
   (ब) मातृभाषा
   (स) क्षेत्रीय भाषा
   (द) अन्य